ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 5 विक्रम संवत् 2080 मई 2023 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी




प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 5 विक्रम संवत् 2080 मई 2023 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
प्रो. बनवारीलाल गौड़
प्रो. दयानन्द भार्गव
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रामदेव साहू
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक
कपिल अग्रवाल
मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

**Sponsored by : Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | सत्य युग के प्रारम्भ की तिथि - अक्षय तृतीया | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 10 |
| 4. | सवाई प्रतापसिंह का काव्य वैभव | गोपीनाथ पारीक गोपेश | 14 |
| 5. | औषध अनुपान की उपादेयता | डॉ सुरेश कुमार शर्मा | 18 |
| 6. | पौराणिक सृष्टिप्रक्रिया | प्रो. (डॉ.) सरोज कौशल | 22 |
| 7. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2023 का पंचम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् देवर्षी कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित 'सत्य युग में प्रारम्भ की तिथी-अक्षय तृतीया' लेख में अक्षय तृतीया पर्व से जुड़े हुए विविध राष्ट्रीय एवं लोकजीवन के पहलुओं को बतला कर उसके धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है। गोपीनाथ पारीक 'गोपेश' द्वारा लिखित 'सवाई प्रतापसिंह का कात्य वैभव' शीर्षक शोधलेख में जयपुर नरेश सवाई प्रतापसिंह की कृष्ण भक्ति एवं तद्विषयक काव्य रचनाओं का वैशिष्ट्य प्रतिपादित किया गया है। डॉ. सुरेश कुमार शर्मा द्वारा लिखित 'औषध अनुपान की उपादेयता' शोधलेख में आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति में अनुपान की उपयोगिता एवं उसके विविध प्रकारों एवं उपयोगों की जानकारी प्रस्तुत की गयी है। तत्पश्चात् प्रो. (डॉ.) सरोज कौशल द्वारा लिखित 'पौराणिक सृष्टिप्रक्रिया' शोधलेख में सृष्टिप्रक्रिया की परम्परा तथा विविध सर्ग रचनाओं की आनुक्रमिक जानकारी प्रदान की गयी है। अन्त में डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

àCDdRnivxar[a_ya< va àa[Sy . 34.

**34. pracchardana-vidhāraṇābhyāṃ vā prāṇasya**

*pracchardana – to expel, to exhale*
*vidhāraṇābhyāṃ – regulation, control, expansion*
*vā – or*
*prāṇasya – of the breath*

**Also (calming the mind) by controlled exhalation and holding the breath.**

Especially by repeated exhalation (such as *Kapālabhāti Prānāyāma*) and by holding the breath in an exhaled state (*bāhya kumbhaka*), the mind is calmed. This breathing technique purifies the *nādis*. The *nādis* form a subtle network in the body through which *prāna*, cosmic energy, flows. They can be compared to electrical wires. If the circuit is broken, there is no current, and no energy flowing. Through *prānāyāma,* the *nādis* are cleansed and blockages are removed so that energy can flow freely again. This triggers very pleasant and liberating sensations in the body and mind.

Yogis and yoga practitioners often develop strong sensitivity and sometimes react very sensitively or even violently. But such feelings and thoughts only act as a slap in the face in their minds. The reaction may be very intense at the moment, but the waves quickly subside and soon return to equilibrium.

For others, emotional reactions have a much more lasting effect – as if engraved in stone, they remain in the consciousness (e.g., feelings of revenge, anger, hatred) and sometimes even impair the clarity of the mind for life.

iv;yvtI va àvi&ÄéTpÚa mns> iSwitinbiNxnI . 35.

**35. viṣayavatī vā pravṛttir-utpannā manasaḥ sthiti-nibandhanī**

*viṣaya – realm, sphere, sense object, goal.*
*vā – or*
*pravṛitti – progress, appearance, activity*
*utpanna – awakened, emerged*
*manas – mind*
*sthiti – state, stability*
*bandhanī – tie, bind, hold*

**The mind also stabilises through inner experiences.**

In meditation, where all the *vrittis* are concentrated on one point, the aspirant gradually begins to have spiritual experiences. These strengthen the confidence in the yoga path and give security. This makes the practice more intense and effective.

Then begins the stage of ĀTMA- CHINTANA, or contemplation on the *ātma*. In contemplation of the *ātma*, the answer to the question, "*Who* am I?" is now found. And that answer is, "I am the *ātma*, and everything that happens around me is *māyā*. The world is impermanent – my Self, on the other hand, is imperishable and indestructible."

Many aspirants run from one teacher to another, accumulating much theoretical knowledge. In the end, however, they are empty-handed and have acquired nothing except some ideas and conceptions which exist only in their mind, i.e., are imitation and spurious. Intellectual knowledge is artificial knowledge, learned and not awakened in one's own inner being. Certainly, we have had many experiences through the intellect, but the true knowledge of reality and unreality is imparted to us by *viveka*. We come to know it through

MANANA, SVADHYĀYA and ĀTMA CHINTANA.

– *Manana* means to ponder over the meaning of BRAHMA SATYAM JAGAT MITHYĀ – God is the reality, and the world is a delusion.

– *Svadhyāya* says to read such scriptures that convey reality to us.

– *Ātma chintana*, or *ātma vicharana,* means to continually concentrate on this thought: "I am the *ātma,* supreme reality, absolute consciousness and eternal bliss."

You are the *ātma* – but at present you are not aware of it. You have heard it or read it, but you have not yet experienced it yourself. As long as the knowledge is only intellectual and theoretical, the inner desire remains unsatisfied, and the call of the *ātma* is not yet heard.

Those who hear and read many things gather many impressions, but as we know, every idea, encounter and impression cause ripples (*vrittis*) in the consciousness. In concentration and meditation, when we immerse ourselves in our inner being, the accumulated theoretical knowledge acts as an obstacle, creating confusion. When the intellect is strong and *viveka* is weak, our inner self finds no satisfaction.

Practice makes perfect! It is not easy to recognise the truth within. Many have fallen, lost their way, fallen into doubt and lost their way. Many years, perhaps even many lifetimes of continuous practice with patience and perseverance are needed until you realise this.

Be prepared that disturbances will always come that try to pull you away from the *ātma*-chintana. Do not be distracted by them; they only affect the body, not the *ātma*.

When your mind is completely purified and your consciousness is firmly established in *ātma*-chintana, the divine experiences and visions begin. Then, and only then, is *ātma*-chintana realised.

But do not stop there, and do not let the beautiful feelings and heavenly visions stop you in meditation. Always remain in the attitude of witness and observer – because all these experiences are only *vrittis*, not yourself. You receive the *vrittis* from those planes where your mind is at the moment.

Patanjali now describes various techniques through which spiritual development progresses.

ivzaeka va Jyaiet:mtI . 36.

**36. viśokā vā jyotiṣmatī**

*viśoka – free from worry and sorrow*
*vā – or*
*jyotiṣmatī – concentration on the inner light.*

**Or by focusing on the inner light beyond sorrow and suffering.**

All doubts, disappointments and lack of enthusiasm are removed at one stroke by the appearance of the light in meditation.

There are two types of light: *saguna jyoti* and *nirguna jyoti*. The former is the external, visible light, such as that of the sun, a candle, or fire. The latter is *ātma jyoti* – the light of life, the light of God that shines in all living beings. The form of the divine Self is light – the "Living Light".

OM *Dīp jyoti parabrahmadīpam*
*sarve mohanamdīpanam*
*sajate sarvam sandhyā dīpam sarva satyam*
*om śāntiḥ śāntiḥ śāntiḥ*

OM is the light of the Highest.
This light dispels the darkness of ignorance.
Only this light dispels the darkness.
It is the light of reality and truth.
OM Peace, Peace, Peace.

When this light appears in meditation, the mind instantly calms. It means that the

consciousness is now at the threshold and beginning to detach from the material world and rise to a higher stage of consciousness. Now *chitta-vritti-nirodhah* truly begins. In the waking and dream states you receive divine visions and messages to guide, direct and strengthen you on your path. Then you can meditate without disturbance until your consciousness gradually dissolves in your personal God like sugar in milk – the sweetness remains but the form (ego) disappears.

vItragiv;y< va icÄm! . 37.

**37. vīta-rāga-viṣayaṃ vā cittam**

*vīta – without, free from*
*rāga – attachment, bondage.*
*viṣayam – sense objects*
*vā – or*
*cittam – on consciousness*

**Or (by concentrating) on a realiser who is free from attachment to sense objects.**

Choose a meaningful symbol to calm your *chitta-vrittis.* Hold it in your mind until you unite with it through continuous meditation, or it dissolves in you. God will appear to you in the form or shape you meditate upon.

In the consciousness of a Realised One, tendencies or states (*bhāvas*) such as affection and aversion (*rāga* and *dvesha*) no longer exist. Likewise, they have left the three *gunas* behind themselves. Even *sattva guna*, which is very pure, has to be overcome to attain the highest consciousness (*samādhi*). Brahmā, Vishnu and Mahesh, the divine trinity of creator, sustainer and destroyer, is still associated with the *gunas.* The principle of the Guru, however, is above the *gunas* – this is the goal we want to realise.

In the meditation posture we express this through *chin mudrā.* The closed circle formed by the thumb and index finger symbolises "yoga" – the unity of *ātma* and

*Paramātma,* individual soul and Supreme Self. The three remaining fingers, stretched away, represent the three *gunas* to be overcome. This symbolises the Guru principle (*Guru-tattva*), which is above the *gunas*.

My master, Paramhans Swāmi Mādhavānandajī, whom his disciples called Holy Gurujī, wrote in a *bhajan* to his master Srī Mahāprabhujī:

O Lord, I ask only one thing:
Let me be your *bhakta* in every life.
Let me serve you in every form.
If I am not worthy to serve thee myself,
let me be the servant of thy servant,
and ask you to accept my love and
devotion for you through this service.

These are the petitions and prayers of a Realised One. They do not pray for money, fame, healing of disease, or other worldly things. Holy Gurujī had so far realised by his unconditional surrender to Srī Mahāprabhujī that he stayed in *nirbīja-samādhi* for twenty-four hours. Outwardly he was living like any other person, eating, drinking, sleeping, talking, walking, etc. But within, he was always in the divine light and divine state of consciousness (*divya bhāva*). Although he had realised all that a person can spiritually attain in this life, he continued to perform his practices, prayers and meditations. Srī Mahāprabhujī was always the goal of his meditation.

Follow the example of the realised and the saints. Find your divine symbol of worship and meditation, and remain faithful to it without doubting and wavering. When you have found it and joined yourself to it, consecrate to it all your exercises, meditation and prayers. Wherever you are, in church, in the āshram, at home, in nature, before whatever altar or image of God you are praying or meditating, place your symbol on your inner altar and direct your prayers and concentration there.

# सत्य युग के प्रारम्भ की तिथि - अक्षय तृतीया

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

इस देश के पर्वों और उत्सवों में से कुछ तो ऋतु पर्व हैं, जिनमें नई फसल पकने का आमोद-प्रमोद और ऋतु परिवर्तन का उल्लास रचा-बसा होता है। कुछ धार्मिक पर्व हैं, जो देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं तथा कुछ लोक पर्व हैं, जो किसी ऐतिहासिक घटना के आधार पर लोक मानस ने प्रारम्भ किए थे। इन सबसे हट कर कुछ ऐसे पर्व भी हैं, जो मानव जीवन और मानव चिन्तन को एक विश्वजनीन, अखंड, अनादि और अनन्त सत्ता के साथ जोड़ते हैं। अक्षय तृतीया ऐसे ही पर्वों में से एक है, जिसे पुण्य पर्व कहा जा सकता है। हमारे प्रत्येक धार्मिक कार्य के प्रारम्भ में जो संकल्प किया जाता है, उसमें भी देश और काल के स्मरण के नाम पर वह कार्य करने वाला व्यक्ति अपने आपको सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक का इतिहास याद करते हुए वर्तमान बिन्दु से जोड़ता है। इसमें वह बतलाता है, कि सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक इतने कल्प इतने मन्वन्तर और इतने युग बीत गए हैं। सृष्टि का यह कलेण्डर अरबों वर्षों का है।

यह कलेण्डर वर्तमान बिन्दु से इस प्रकार फैलता है- वर्तमान में हम कलियुग में बैठे हैं, जो 4 लाख 32 हजार वर्ष का होता है। इससे दुगुना द्वापरयुग कहलाता है जो इससे पूर्व बीत गया। कलियुग से तिगुना त्रेतायुग कहलाता है जो उससे पूर्व बीत गया तथा चौगुना सत्ययुग कहलाता है, जो उससे भी पूर्व बीत गया था। इस प्रकार 43 लाख 20 हजार वर्ष की एक चतुर्युगी हुई। यह हमारे कलेण्डर का एक पैमाना है। ऐसी 71 चतुर्युगियों का एक मन्वन्तर होता है और ऐसे 14 मन्वन्तरों का एक कल्प। सृष्टि के एक क्रम में ऐसे 7 कल्प माने जाते हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 4 अरब 32 करोड़ वर्ष के कल्प का सृष्टि क्रम प्रतिदिन हमें याद रखना होता है। इतनी बड़ी कालयात्रा से हमारा मन प्रतिदिन जुड़ा रहता है। वर्तमान में जो कल्प चल रहा है, उसका नाम है श्वेतवाराह, जो मन्वन्तर चल रहा है उसका नाम है वैवस्वत। इस मन्वन्तर में 27 चतुर्युगियाँ बीत चुकी हैं, 28 वीं चल रही है। इतना बड़ा कलेण्डर याद करने वाले मानस में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है, कि अमुक कल्प या अमुक मन्वन्तर या अमुक युग किस दिन शुरू हुआ होगा। इस जिज्ञासा का

समाधान करने के लिए संस्कृति के इतिहासकारों ने तीन प्रकार की तिथियाँ खोज निकाली हैं। युगादि तिथियाँ वे होती हैं जिनसे किसी युग का प्रारम्भ होता है। उदाहरणार्थ यह माना जाता है कि कलियुग का प्रारम्भ माघ शुक्ल पूर्णिमा को होता है। द्वापर का भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी को, त्रेता का कार्तिक शुक्ल नवमी को और सत्य युग का वैशाख शुक्ल तृतीया को इस वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया (आखा तीज) कहा जाता है, जबकि कार्तिक शुक्ल नवमी को अक्षय नवमी। चतुर्युगी में युगों का क्रम महत्व की दृष्टि से ह्रास का क्रम है। सत्य युग सर्वाधिक पुण्यशाली युग माना जाता है। त्रेता उससे कुछ कम। फिर द्वापर और कलियुग अवर कोटि के माने जाते है। इसी दृष्टि से त्रेता युग के प्रारम्भ की तिथि पुण्य तिथि मानी जाती है, जिस दिन किए हुए धार्मिक कार्य अजर-अमर हो जाते हैं, अक्षय हो जाते हैं। अक्षय तृतीया का तो जो सत्य युग के प्राम्भ की तिथि है, महत्त्व और भी बढ़ा चढ़ा है क्योंकि सत्य युग सर्वाधिक उन्नत और प्रतिष्ठित धर्म युग माना जाता है। इसीलिए इस दिन दिया हुआ दान और किया हुआ पुण्य अक्षय रहने वाला माना जाता है।

इतिहासकारों ने युगादि तिथियों की तरह मन्वन्तरों के प्रारम्भ की तिथियों को मन्वादि तिथि के रूप में भी खोज निकाला है। चैत्र शुक्ल तृतीया, चैत्र पूर्णिमा आदि 14 तिथियाँ मन्वन्तरों के प्रारम्भ होने की तिथियां मानी जाती हैं। इसी प्रकार कल्पों के प्रारम्भ की तिथियां भी गिनायी गयी हैं। चूंकि 7 कल्प माने जाते हैं, अतः 7 कल्पादि तिथियाँ धर्मशास्त्रकारों ने बताई हैं। इनमें वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) एक कल्प के प्रारम्भ होने की तिथि भी है। इस दृष्टि से अक्षय तृतीया के साथ अनेक परंपराएँ आकर जुड़ी हैं। चूँकि उस दिन सूर्य उच्च का रहता है, उत्तर भारत में ग्रीष्मकाल होता है अतः इस दिन जलदान, प्याऊ लगवाना तथा इसी प्रकार के अनेक धार्मिक कार्यों का बहुत महत्व माना गया है।

इसके अतिरिक्त इस तिथि का महत्व परशुराम जयन्ती होने के कारण अवतार तिथि के रूप में विशिष्ट प्रकार का बन जाता है। इस दिन महर्षि जमदग्नि के घर पुनर्वसु नक्षत्र में भगवान् परशुराम का जन्म हुआ था। यह तिथि विष्णु के अवतार भगवान् परशुराम की जयंती होने के कारण भी विशिष्ट महत्त्व रखती है। परशुराम ब्राह्मण वर्ग के विशिष्ट उपासक देवता हैं। कुछ वर्षों से ब्राह्मणों का जो संगठन हो रहा है उसकी प्रेरक विभूति परशुराम ही है। इसलिये भी अनेक कार्यक्रम उनकी जयंती अक्षय तृतीया से ही प्रारम्भ होते हैं। इसके अतिरिक्त राजस्थान में शेखावटी क्षेत्र में यह तिथि एक अन्य परंपरा से भी जुड़ी हुई मानी जाती है। आखा तीज के दिन संवत 1545 में शेखावत राजवंश के आदिपुरुष राव शेखाजी का निधन रलावता गाँव में एक शमी वृक्ष (खेजडे का पेड) के नीचे घाटवा के युद्ध में लगे घावों के कारण हुआ था, अतः यह उनकी पुण्य तिथि भी है। राजस्थान में (शेखावाटी के अलावा) इस दिन (आखा तीज को) घर-घर जाकर रामा-श्यामा करने की तिथि भी मानी जाती थी। होली दीवाली की तरह मित्रों से अभिवादन के आदान प्रदान की परंपरा

शायद इसी कारण से स्थापित हुई हो कि यह भी कल्प और युग के कलेण्डर की शुरुआत का दिन है।

इसके अतिरिक्त अक्षय तृतीया युग की सृष्टि के प्रारम्भ की तिथि होने के कारण परिवार को बढ़ाने वाली और अक्षय करने वाली तिथि मानी जाती है, अतः इस दिन विवाह का मुहूर्त भी अच्छा माना जाने लगा। राजस्थान में इसे अबूझ सावा कहा जाता है। यही कारण है, कि वर्षों से इस दिन गाँव गाँव में विवाह समारोह देखने को मिलते रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण यह भी है, कि वसंत ऋतु के प्रारम्भ में ही फसल कट चुकी होती है, अतः किसान खेती की व्यस्तता से मुक्त हो जाता है। दूसरी ओर धान की बिक्री से उसका वित्तीय संबल भी बढ़ जाता है, जिसके कारण वह वैशाख मास के विवाह में दिल खोल कर खर्च कर सकता है। तभी तो अक्षय तृतीया को विवाहों की संख्या बहुत बढ़ चढ़ कर निकलती है। बारिश के दिनों में देव सोने की मान्यता के कारण विवाह मुहूर्त नहीं बन पाते, अतः उससे पूर्व ही गाँवों में विवाहों की रस्म से अभिभावक मुक्त होना चाहते हैं। ब्रह्मपुराण आदि पुराणों में तथा धर्मशास्त्र के प्राचीन ग्रंथों में वैशाख शुक्ल तृतीया को सत्य युग की युगादि तिथि ही बताया गया है। यह बात अलग है कि कुछ पंचांगों में वैशाख शुक्ल तृतीया को त्रेता युग की युगादि तिथि बतायी जाती है और कार्तिक शुक्ल नवमी (अक्षय नवमी) सत युग की युगादि तिथि, अत: अक्षय नवमी के दिन भी बहुत दान-पुण्य किये जाते हैं। उस दिन विवाहों की परंपरा नहीं है। सतयुग की बजाय त्रेतायुग की आदितिथि अक्षयतृतीया को कैसे मान लिया गया यह तो नहीं कहा जा सकता, किन्तु कुछ बड़े वेदज्ञ विद्वान भी किसी समय चल पड़ी परंपरा के आधार पर अक्षयतृतीया को त्रेता युगादि मानने लगे थे, और कुछ पंचांग भी, किन्तु पुराणों और धर्मशास्त्रों के साक्ष्यों के आधार पर अक्षय तृतीया ही सत्य युग के प्रारम्भ की अर्थात् प्रत्येक चतुर्युगी के प्रारम्भ की तिथि सिद्ध होती है। वह कल्पादि तिथि भी है, अतः सृष्टि क्रम में उसका बहुत महत्व है।

युगादि एवं कल्पादि तिथियाँ हमें सृष्टि की कालयात्रा के उस विराट आयाम से सीधे जोड़ती है, जिनके आधार पर हमारा चिन्तन ब्रह्माण्डीय और विश्वव्यापी हो गया है। यह बात अलग है कि इस महत्व का बोध सामान्य जन तक न फैल पाने के कारण इसका यह आयाम तो गौण हो गया और दान-पुण्य वाली परंपराएँ तथा अबूझ सावा होने की सुविधा सब लोगों को याद रही। इसके फलस्वरूप इस दिन बाल विवाहों की जो अंध-परंपरा चली, उसके कारण अक्षय तृतीया का महत्व ही धूमिल हो गया। यद्यपि ये विवाह जीवनसाथी के रूप में दो बालक-बालिकाओं को परस्पर जोड़ देने का वचन या वाग्दान की रस्म जैसे ही होते हैं, न तो लड़की ससुराल जाती है न लड़के के पास, वास्तविक विवाह तो मुकलावे या द्विरागमन (गौना) के समय ही माना जाना चाहिए, ऐसा कह कर इनका आधार भी व्याख्यात किया जाता है, किन्तु यह परंपरा सराहनीय नहीं कही जा सकती, वस्तुस्थिति यह है कि किसी भी शास्त्र में इसे अबूझ विवाह का दिन नहीं बताया गया है। विवाह के मुहूर्त तो जिन आधारों पर और कसौटियों पर कसकर निर्धारित किये जाते हैं, वे दूसरे ही है। अक्षय तृतीया से उनका कोई सम्बन्ध नहीं है। इस दिन केवल दान पुण्य करने की महिमा विशिष्ट

मानी गई है। इसकी भी विशेषता यह है कि इस दिन दान दिये जाने वाली वस्तुओं में कोई रत्नाभूषणों या अमूल्य वस्तुओं की ही वांछनीयता हो वैसी बात नहीं है। इस दिन जो भी दिया जाए वह अक्षय हो जाता है, ऐसी भविष्य पुराण आदि की कथा का आधार लेकर इस दिन अत्यन्त सात्त्विक और सीधी सादी ग्रीष्मकालोचित वस्तुओं के दान ही की प्रथा है (जैसे घड़े, सुराही, सत्तू, पंखा, दही, गुड़, चना या ठण्डे फल, ककड़ी आदि) यही दान पृथ्वी, गाय, रत्न, आदि के दान की तरह अक्षय हो जाता है। सत्य युग का यह सीधा-सादा प्रतीक आज के तड़क-भड़क के युग में तपोवन की परंपरा का प्रतिनिधि लगता है।

न जाने किस दिन भाई लोगों ने कन्या दान को भी इससे जोड़कर यह अर्थ लगाया होगा, कि इस दिन उस दान का फल भी अक्षय हो जाएगा। जो भी हो, यह लोकपरंपरा चल पड़ी, तो इसे रोकना लोक मानस के ही बस की बात है। यह अवश्य है कि ऋतुचक्र तथा अन्य सांस्कृतिक परंपराओं को देखते हुए हमारे यहाँ वसंत से प्रारंभ कर उत्सव गिनाए गए हैं। उत्तर भारत के शीत-प्रधान होने के कारण यह स्वाभाविक भी है, कि अधिकांश पर्व और उत्सव समशीतोष्ण ऋतुओं में (जैसे वसंत और शरत्) केन्द्रित हो जाएँ। इस दृष्टि से वैशाख मास में पड़ने वाली अक्षय तृतीया बहुत सुविधाजनक तिथि सिद्ध होती है। तभी इसी दिन अनेक प्रकार के कार्यों के मुहूर्त निकल आते हैं। ब्याह, सगाई, लेन देन का प्रारम्भ, यज्ञोपवीत, वाहन या मकान खरीदना, गृह प्रवेश सभी के लिए यह तिथि उत्तम मानी गई है। तभी तो यह प्राचीन मान्यता है कि यदुवंश के 67 वें राजा गजबाहु ने गजदुर्ग (गजनीगढ़) की नींव अक्षय तृतीया को ही रखी थी। इस दिन बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते हैं और बद्रीविशाल के दर्शनों की परंपरा प्रारम्भ होती है। इस दिन तीर्थस्नान का भी विशेष महत्व है। इसीलिए प्रत्येक तीर्थ, नदी, सरोवर आदि में पुण्य स्नानार्थियों की भीड़ अक्षय तृतीया के दिन देखी जा सकती है। इसका मुकाबला केवल दो ही तिथियां करती हैं, एक तो संवत्सर प्रतिपदा और दूसरी अक्षय नवमी जिसे भ्रमवश कुछ लोग सतयुगादि मान लेते हैं। वैसे भी त्रेता युग को भगवान राम के अवतार का युग मान कर उतना ही महत्व दिया जाता है, जितना सत्य युग को।

इस दृष्टि से इन दोनों तिथियों को अक्षय पुण्य वाली तिथि कहा गया है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को कल्पों, 14 मन्वन्तरों और 71 चतुर्युगों सहित पूरी सृष्टि का आरंभ करने की तिथि माना जाता है। इसलिए उस दिन नया संवत्सर और नया पंचांग शुरू होता है, उसे भी सृष्ट्यादि कहा जाता है। दक्षिण भारत में इसे ही युगादि या उगादि कहा जाता है। इस प्रकार ये तीन तिथियाँ सृष्टि की विराट काल परिधि के चिन्तन से हमें जोड़ती है और इस बात की प्रतिवर्ष पुनः पुष्टि कर जाती हैं, कि हमारी संस्कृति का चिन्तन किसी युग-विशेष, क्षेत्र-विशेष वागधारा विशेष से जुड़ा न होकर विराट है, विश्वजनीन है, व्यापक है।

# सवाई प्रतापसिंह का काव्य वैभव

**गोपीनाथ पारीक 'गोपेश'**
अध्यक्ष
आयुर्वेद विज्ञान परिषद् एवं साहित्य सरोवर संस्था

जयपुर नगर की स्थापना सवाई जयसिंह ने 18 नवंबर 1727 में की। सितंबर 1743 में उनके देहावसान के पश्चात् उनके ज्येष्ठ पुत्र ईश्वरीसिंह और तत्पश्चात् उनका कनिष्ठ पुत्र माधोसिंह जयपुर की राजगद्दी पर आसीन हुआ। माधोसिंह की मृत्यु के बाद उनके पुत्र पृथ्वीसिंह (जो उस समय पाँच वर्ष का था) के नाम पर उनकी सौतेली माँ चूँडावत जी ने जयपुर पर शासन किया। पन्द्रह वर्ष की अवस्था में पृथ्वीसिंह मरा या मार दिया गया और उक्त चूँडावत जी का पुत्र प्रतापसिंह जयपुर का राजा बना। उस समय उसकी आयु मात्र तेरह वर्ष थी। ऐसी स्थिति में उनकी माँ चूँडावत जी ही बालक राजा की संरक्षिका और अभिवाहिका बनी रही।

जगन्नाथ भट्ट सवाई प्रतापसिंह के दीक्षागुरू थे। उन्होंने उनके हृदय में भक्तिभावना सुदृढ की थी। इनके संगीत के गुरू उस्ताद चाँद खाँ थे, जो बुधप्रकाश के नाम से जाने जाते थे। वयस्क होते ही महाराजा प्रतापसिंह ने प्रशासन में बदलाव कर कुशल शासक का परिचय दिया। जयपुर नगर के निर्माण में सभी शासकों का न्यूनाधिक योगदान रहा किन्तु इन सवाई प्रताप सिंह का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय कहा जा सकता है। विश्वप्रसिद्ध भवन 365 खिड़कियों वाला सुन्दर हवामहल आपने ही बनवाया था। इसके अतिरिक्त चन्द्रमहल के कई विशाल भवन, रिध-सिद्ध पोल, बडा दीवानखाना, गोवर्धननाथ, बृजराज बिहारी, ठाकुर ब्रजनिधि तथा मदन मोहन जी के मन्दिर आपके स्थापत्य कलाप्रेम के द्योतक हैं। सन् 1778 में आप राजा बने और सन् 1787 में लालसोट के पास तूंगा के युद्ध में महादजी सिन्धिया जैसे नामवर मरहठा सेनापति को हरा कर आप राजस्थान के वीर योद्धाओं में अपना नाम सम्मिलित कराने में सफल रहे।

सुयोग्य शासक, वीर योद्धा, कलाप्रेमी होने के साथ ही आप एक भक्त कवि भी थे। आप 'ब्रजनिधि' के नाम से कविता किया करते थे। महाराजा प्रतापसिंह भगवान श्रीकृष्ण और उनकी प्राणेश्वरी राधा के चरणकमलों के उपासक थे। वे भगवान के रूप रस माधुर्य के अनन्य भक्त थे। उन्होंने भगवद् गुणानुवाद से अपनी काव्यसाधना सफल की।

यद्यपि वे राजस्थानी और पंजाबी में भी कविता कर लेते थे, किन्तु उन्होंने अपने काव्यसृजन में व्रजभाषा को ही अधिक महत्त्व दिया। उन्होंने अपना जो 'व्रजनिधि' उपनाम रखा, यह उनके ब्रजेश श्रीकृष्ण एवं व्रजभाषा के प्रति अनन्य अनुराग का परिचायक है। क्यों न हो, यह व्रजभाषा वस्तुत: 'बोरत भक्ति निचोरत ज्ञान में, गोविन्द के गुणगान की भाषा' जो है।

वे भक्ति रस तरंग अथवा मन की उमंग में जो पद अथवा छन्द रचते थे, उन्हें उसी दिन या अगले दिन अपने इष्टदेव गोविन्द देव तथा ठाकुर ब्रजनिधि जी को समर्पित करते थे। कम से कम पाँच वृत्त नित्य भेंट करने का उनका नियम था। आपने ऐश्वर्य के वातावरण में भी माधुर्य और श्री कृष्णभक्ति का जो स्रोत प्रवाहित किया, वह उनके अनन्य भगवत्प्रेम का परिचायक है। इस भक्तिपूर्ण रस के सामने उन्हें राजसुख अत्यन्त फीका लगता था। इस भाषा के प्रसिद्ध भक्त कवि घनानन्द और नागरीदास से वे बहुत प्रभावित थे। उन्होंने नागरीदास के कई पदों का संग्रह भी किया था। यह एक संयोग ही था, कि नागरीदास (किशनगढ़ के राजा सांवत सिंह) जी का जिस वर्ष स्वर्गवास हुआ, उसी वर्ष इन ब्रजनिधिजी का जन्म हुआ। नागरीदास जी ने राज्य का त्याग कर वृन्दावन में निवास किया था। आपने लिखा है-

**कहा भयो नृप हू भए, ढोबत जग बेगार।**

**लेत न सुख हरिभक्ति को, सकल सुखान को सार ।।**

व्रजनिधिजी की स्वरचित कुल २२ कृतियाँ हैं, जिन्हें 'ग्रन्थ बाईसी' कहा गया है। ये 22 ग्रन्थ हैं:- फागरंग, प्रीति लता, सुहाग रैनि, विरहसलिला, रेखतासंग्रह, सोरठ ख्याल, स्नेह विहार, रमक जमक बत्तीसी, प्रीति पचीसी, व्रजसिंगार, सनेह संग्राम, नीतिमंजरी, शृंगारमंजरी, वैराग्यमंजरी, रंग चौपड़, प्रेम पंथ, दु:खहरन वेली, रास का रेखता, श्री ब्रजनिधि मुक्तावली, ब्रजनिधि पद संग्रह, प्रेम प्रकाश और हरिपद संग्रह। इन कृतियों में कवि ने इनका रचना काल भी अंकित किया है। इनके अतिरिक्त भर्तृहरि के शतकत्रय का नीतिमंजरी, शृंगारमंजरी और वैराग्यमंजरी के नाम से व्रजभाषा में पद्यानुवाद भी किया है। वे राधा कृष्ण की सौन्दर्योपासना में संलग्न रहे। इस सुधा का रसपान करने के लिये व्रजांगनाओं ने अपना सर्वस्व निछावर कर दिया था। सूरदास, रसखान, मीरां और नरसी मेहता आदि ने जिस कृष्ण भक्तिरस में अवगाहन करते हुये विविध पदों की रचना की, उसी प्रकार इस भक्त कवि ने विविध भक्तिपदों की रचना कर जीवन को धन्य बनाया था।

इन रचनाओं में भक्तिरस एवं शान्त रस के अतिरिक्त श्रृंगार तथा वात्सल्य रस के भी उदाहरण मिलते हैं। विविध

पदों के अतिरिक्त दोहा, सोरठा, मनहरण, सवैया, कुण्डलिया, छप्पय, चौपाई, बरवै और रेखता आदि अनेक छन्द भी इनकी रचनाओं में मिलते हैं। इन काव्यों में अनुप्रास, उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक और श्लेष आदि अलंकार अनायास ही आ गये हैं। अपने आराध्य को व्रज का श्रृंगार कह कर उनकी रूपमाधुरी का वे इस प्रकार वर्णन करते हैं-

**प्यारो ब्रज को ही सिंगार ।**

**मोर पखा अरु लकुट बाँसुरी, गर गुंजन को हार ॥**

**बन बन गोधन सँग डोलिबो, गोपन सो कर यारी ।**

**सुनि सुनि के सुख मानत मोहन, ब्रजवासित की गारी ।।**

**विधि सिव सेस सनक नारद से, जाको पार न पावै।**

**ताको घर बाहर ब्रज सुन्दर, नाना नाच नचावै॥**

**ऐसो परम छबीलो ठाकुर, कहाँ कोहि नहिं आवै ।**

**ब्रजनिधि सोई जानि है यह रस, जाहि स्याम अपनावै।।**

कृष्णशरणागति का यह पद भी अवलोकनीय है-

**जिन कै श्री गोविन्द सहाई ।**

**सकल भय भाजे जात छिन में, सुख हिये सरसाई ।।**

**सेस विधि सिव सनक नारद, सुक सुजस रहे गाई ।।**

**द्रोपदी गज गीध गनिका, कारण कीये थाई ॥**

**दीनबंधु दयाल हरि सों, नहिं कोई अधिकाई ।**

**यह जिय में जानि 'ब्रजनिधि', गहे दृढ़ कर पाई ॥**

जैसा कि जीव गोस्वामी ने कहा है कि सदा सर्वदा मेरे एक मात्र आश्रय राधा कृष्ण हैं-

**वृन्दावनेश्वरी राधा कृष्णो वृन्दावनेश्वर: ।**

**जीवने निधने नित्यं राधाकृष्णौ गतिर्मम ॥**

वैसे ही भक्त नागरीदास जी ने भी उद्बोधित किया है- 'जाइ ब्रज भोरे ! कोरे मन को रंगाइ लै रे, वृन्दावन रेनु रची गौर स्याम रंग की'। इन्हीं भक्तिपूर्ण उद्बोधनों से प्रेरित हो कर महाराजा सवाई श्री प्रतापसिंह 'व्रजनिधि' कृष्ण चरणारविन्द के चञ्चरीक और राधा पद पंकज के भ्रमर बने। उनकी यही सीख हमें सदैव प्रेरित करती रहेगी-

**पायौ बड़े भागनि सो आसरो किसोरी जू कौ**

**ओर निरवाहि नीकें ताहि गहि गहि रै।**

**नैननि तैं निरखि लडैली को वदन चँद**

**ताहि को चकोर है कै रूप सुधा लहि रै।**

**स्वामिनी की कृपा तैं अधीन ह्वै 'ब्रजनिधि'**

**ताते रसना सों नित स्यामा नाम कहि रे !**

**मन मेरे मीत जो कही मानै मेरी तौ तू**

**राधा पद पंकज कौ भ्रमर ह्वैके रहि रे ।।**

ऐसे राधाकृष्ण के परम भक्त और व्रजभाषा के सरस कवि मात्र 39 वर्ष की आयु प्राप्त कर सन् 1803 में ही गोलोकवासी हो गये। 'कीर्तिर्यस्य स जीवति' के अनुसार व्रजतिथि जी का कीर्तिकार्य आज भी जीवित है और आगे भी जीवित रहेगा।

# औषध अनुपान की उपादेयता

**डॉ सुरेश कुमार शर्मा**
एम. डी. आयुर्वेद
पूर्व अतिरिक्त निदेशक, आयुर्वेद विभाग, राजस्थान अजमेर

जब रोगी को कोई भी औषध आभ्यंतर प्रयोग हेतु सेवन करवायी जाती है, तब यह भी बताना जरूरी होता है कि उसका प्रयोग किसके साथ करना है। जैसे कि- ठण्डा पानी, गरम पानी, दूध क्वाथ या फिर शहद इत्यादि । यद्यपि आधुनिक चिकित्सक तो प्रायः सभी दवाईयाँ पानी के साथ लेने की ही सलाह देते हैं, परंतु आयुर्वेद की औषधियों का सेवन पृथक् पृथक् द्रवों के साथ करवाया जाता है और इसके लिए परामर्श चिकित्सक ही देते हैं।

इस तरह जिस द्रवादि के साथ औषध ग्रहण की जाती है, उसे 'अनुपान' के नाम से जाना जाता है। इसके दो लाम होते हैं:- एक तो औषध आसानी से गले से उतर कर पेट में पहुँच जाती है और दूसरा उस अनुपान के साथ औषध के गुण धर्म तथा कार्यवत्ता में भी वृद्धि होती है। अथवा वह औषध पेट में आसानी से घुल जाती हैं एवं अवशोषण भी शीघ्र होता है।

"अनुपान की परिभाषा":- अनु=पश्चात् सह वा पीयते इति अनुपानम्। अर्थात औषध द्रव्य अथवा आहार द्रव्य (पथ्यादि) के बाद में या साथ में जो पान किया जाता है उस द्रव का नाम अनुपान है।(अ. हृ. पर हेमाद्रि टीका)।

इसी प्रकार- **"अल्पदोषं अदोषं वाऽप्यनुपानेन जीर्यति"** ।।

तात्पर्य यह है कि औषधि को मुँह में रखकरण्शीत या उपण जल, शार्कर (शर्बत), क्वाथ, दुग्ध, आसव आरिष्ट इत्यादि कोई भी द्रव पान (पीया) किया जाता है, अथवा द्रव में ही औषधि या पथ्य अथवा आहार द्रव्य को घोलकर पीया जाता है, उसे अनुपान कहते हैं। "योगरत्नाकर कार" अनुपान का महत्व बताते हुए लिखा है कि उचित अनुपान के साथ उचित औषधिका सेवन रोग निवारण के लिए करते हैं, तो वह औषध अधिक कार्मुक उपयोगी बन जाती है। जैसा कि उल्लिखित है:- यत्किंचिदोषघ वैधैः देयं रोगानुपानतः।

**तत्तद् गुणकरं ज्ञेयमनुपान बलादिहा ।।**( पो. र. रसायने)

चूंकि पारदयुक्त औषधियाँ तथा रस भस्में आदि प्राय: योगवाही भी होती हैं, अत: रोगनिवारक गुणों की

अभिवृद्धि करने हेतु उस रोगाधिकार की औषधियों का स्वरस, हिम, फाण्ट या क्वाथ इत्यादि दोषानुसार परिकल्पना करके औषध के साथ अनुपान के रूप में प्रयोग करवाया जाना चाहिए।

अनुपान की आवश्यकता क्यों होती है? आचार्य शार्ङ्गधर के अनुसार जिस प्रकार तेल को जल में डालने पर वह क्षण भर में ही सम्पूर्ण जल पर फैल जाता है, उसी प्रकार से औषधि भी अनुपान के बल से शरीर के रुग्ण अंगों में शीघ्र ही पहुँच जाती है। अतएव औषधियों तथा आहार इत्यादि का सेवन उचित अनुपान के साथ करने से उनका शीघ्र ही विपाक होकर शरीर में अपना कार्य करता हैं। जैसा कि उल्लिखित हैं:-

**यथा तैलं जले क्षिप्तं क्षणेनैव प्रसर्पति ।**

**अनुपानं बलादंगे तथा सर्पति भेषजम्।।** शां स म खण्ड

अनुपान द्रव मात्र औषध के साथ ही सेवन किया जाता है, ऐसा नहीं है, अपितु भोजन भी अनुपान के साथ किया जाता है। और उसका भी उतना ही महत्व एवं उपयोग है। चरकसंहिता में लिखा हुआ उपदेश इसकी पुष्टि करता है,

**अनुपानं हितं युक्तं तर्पयत्याशु मालवम् ।**

**सुखं पचति चाहारं आयुषे च बलाय च ॥** च. सू. 27/306

अर्थात भोजन के साथ हितकारी तथा युक्तिपूर्वक अनुपान ग्रहण करने से शरीर व मन दोनों की तृप्ति तथा पोषण होता है। साथ ही भोजन का पाचन सुखपूर्वक (आसानी से) होता है और इससे आयु व बल की वृद्धि होती है। इस तरह यह तथ्य सर्वसिद्ध हो जाता है कि चाहे भोजन हो या औषध यदि इनका आभ्यन्तर प्रयोग किया जाता है, तो अनुपान बहुत अनिवार्य है। साथ ही यह भी ध्यान रखना आवश्यक है, कि किस औषधि के साथ कौनसा अनुपान हितकारी, उपयोगी एवं अनुकूल होता है। इस बात की जानकारी चिकित्सक को होनी चाहिए तथा उपचार करते समय रोगी को उचित अनुपान-सेवन की सलाह देना भी परमावश्यक है। अर्थात् यदि यह कहा जाए कि अनुपान उपचार का एक आवश्यक और अभिन्न अंग है, तो मिथ्या नहीं होगा।

**अनुपान का महत्व:-** आयुर्वेद में बृहत्त्रयी तथा लघुत्रयी सभी संहिताओं में अनुपान का महत्व वर्णित हैं। आचार्य वाग्भट्ट के अनुसार-

**अनुपानं करोत्यूर्जां तृप्तिं व्याप्तिं दृढांगताम् ।**

**अन्नसंघात शौधित्य विविलन्ति जरणानिच** ॥ अ. हृ. स.

अर्थात अनुपान से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है, तथा तृप्ति होने से मानसिक संतुष्टि मिलती है। यही नहीं शारीरिक अंगों में दृढता उत्पन्न होती है। अनुपान के द्वारा खाये हुए अन्नादि आहार द्रव्यों का काठिन्य दूर होकर मृदुता उत्पन्न होती है तथा आहार का स्थूल से सूक्ष्म कणों में विभक्त होकर सुगमता से पाचन हो जाता है, जिससे पचे हुए आहार से आहार रस का निर्माण होकर वह आहार रस शरीर में शीघ्र ही व्याप्त हो जाता है।

आचार्य चरक के अनुसार अनुपान के गुण-कर्मों का वर्णन करते हुए बताया गया है, कि अनुपान सेवन करने से तृप्ति होती है, मन तथा इन्द्रियों का प्रीणन (प्रसन्नता) होता है। इससे शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती हैं और शरीर का (बृंहण) विकास होता है। अनुपान ही आहार को आमाशय से पक्वाशय की ओर धकेलता है और अन्न के संघटन को तोड़ कर स्थूल संघात को सूक्ष्म कणों में परिवर्तित कर देता है। अनुपान से शरीर व मन को संतुष्टि प्राप्त होती है। इससे आहार में मृदुता आती है और आहार को आर्द्र करता है। अनुपान आहार के पाचन में सहायक होता है, जिससे आहार आसानी से पचता है। और पचा हुआ आहार आहाररस में परिवर्तित होकर सम्पूर्ण शरीर में शीघ्रता से पहुँचता है।

**बृहत्त्रयी के अनुसार श्रेष्ठ अनुपान :-** औषध और आहार के साथ अनुकूल तथा हितकर अनुपान कौनसा सेवन किया जाए। इस विषय में आचार्य वाग्भट्ट ने उपदिष्ट किया है:-

**विपरीतं यदन्नस्य गुणैः स्यादविरोधि च ।**

**अनुपानं समासेन सर्वदा तत्प्रशस्यते ।।** अ हृ सू 8/51

अर्थात् जो आहार द्रव्यों से विपरीत गुणों वाला हो, किंतु विरोधी अर्थात् विरुद्धाहार नहीं हो, वह प्रशस्त (उत्तम) अनुपान होता है।

इसी प्रकार से सुश्रुतसंहिता में उल्लिखित है, कि वातज व्याधियों में स्निग्ध व उष्ण गुणयुक्त अनुपान पथ्य होता है। कफज रोगों में रूक्ष उष्ण अनुपान पथ्य होता है तथा पैत्तिक रोगों में मधुर व शीतल गुणयुक्त अनुपान पथ्य होता है। रक्त-पित्त के रोगी के लिए दुग्ध एवं गन्ने का रस हितकर होता है। सूर्य की ऊष्मा (प्रचण्ड धूप) एवं तीव्र वात से ग्रस्त रोगियों के लिए आसव श्रेष्ठ होता है एवं विषपीड़ित व्यक्ति को शिरीष के संयोग से बना हुआ आसव या क्वाथ श्रेष्ठ अनुपान के रूप में सेवन करना चाहिए।

"चरकसंहिता" में अनुपान सेवन के विषय में उल्लेख है कि- यदि वातज विकार हो तो स्निग्ध तथा उष्ण गुण वाले अनुपान प्रयोग में लाने चाहिए। पैत्तिक विकारों में शीत वीर्य व शीतगुणयुक्त, मधुर रस अनुपान श्रेष्ठ होते हैं।

श्लैष्मिक विकारों में रुक्ष एवं उष्ण गुणयुक्त अनुपान प्रयोग कराना उचित होता है। क्षय रोग में माँस रस का प्रयोग श्रेष्ठ होता है। उपवास में, यात्रा व अन्य कार्यो से शारीरिक थकान होने की स्थिति में, लू लग जाने पर, अति व्यवाय के कारण दुर्बलता महसूस होने की स्थिति में दुग्धानुपान अमृत के समान होता है। कृश शरीर के व्यक्ति के लिए सुरा का अनुपान (मृत संजीवनी सुरा अथवा दाक्षारिष्ट द्राक्षासव बलारिष्ट आदि) श्रेष्ठ होता है। स्थूल व्यक्ति के लिए मधूदक का अनुपान उत्तम है। इसी तरह से मन्दाग्नि, अनिद्रा, तंद्रा, शोक, भय एवं कामला के रोगियों के लिए मधु व मांसरस का अनुपान श्रेष्ठ बताया है।

इन सभी अनुपानों के प्रयोग करने हेतु उपदेश बृहत्त्रयी में उल्लिखित हैं, परन्तु इसके उपरांत भी "मधु" (शहद) को योगवाही होने के कारण सर्वोत्कृष्ट अनुपान माना गया है। यही नहीं, सर्व सुलभ होने व सभी के लिए सात्म्य होने के कारण जल को भी सर्वश्रेष्ठ अनुपान बताया गया है, जो उपयुक्त भी है। अब यह चिकित्सक के विवेक पर निर्भर है कि कौनसे रोगी के लिए एवं किस रोग में कैसा (शीतल, उष्ण, कवोष्ण, उबला हुआ इत्यादि) जल अनुपान के रूप में प्रयोग किया जाना उचित होगा। जैसा कि उल्लिखित है:- अनुपाने तु सलिलमेव श्रेष्ठं, सर्वरसयोनित्वात्सर्वभूत सात्म्यत्वाज्जीवनादिगुणयोगाच्च ।। अ.हृ. सू.

यद्यपि शास्त्रों में अलगअलग रोगों में, अलग अलग योगों (औषध के साथ) दोषों, रोगी की प्रकृति, देश, काल, सात्म्य इत्यादि के अनुसार अलग-अलग तरह के अनेकानेक अनुपानों का उल्लेख प्राप्त होता है, पुनरपि चिकित्सक स्व-विवेक के अनुसार अनुपान का निर्धारण कर औषध प्रयोग करा सकते हैं, किंतु अनुपान का मुख्य उद्देश्य प्रभावित नहीं हो, इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। यहाँ कतिपय अनुपान सांकेतिक रूप में वर्णित किये जा रहे हैं, जिनमें से यथावश्यक का उपयोग चिकित्सक के परामर्शानुसार किया जाना हितकर होगा। यथा -

शीतल जल, सामान्य जल, कवोष्ण जल, उष्णोदक (उबाला हुआ पानी), आसव, अरिष्ट, यूष, मधु, फलों का रस (फ्रूट- जूस) कांजिक, निम्बुक स्वरस, मांसरस, दुग्ध, तक्र, दही, क्वाथ, हिम, फॉण्ट, अर्कमधु, वर्षा का जल, सुरा तथा चाय कॉफी इत्यादि। अनेक रोगों में तण्डुलोदक तथा लाक्षारस का प्रयोग भी अनुपान रूप में किया जाता है।

इस प्रकार अनुपान के विषय में सही जानकारी होना सफल चिकित्सा की दृष्टि से बहुत ही जरूरी है। बहुत बार देखा गया है, कि अच्छी किस्म की और अनुभवी चिकित्सक द्वारा उपचार किया जाने पर भी उचित अनुपान एवं पथ्य के अभाव में रोग ठीक नहीं होता, अतः पथ्य और अनुपान का चिकित्सा में बहुत बड़ा महत्व होता है। यह भी ध्यान रहे, कि अनुपान औषध के गुणों के विपरीत नहीं हो।

# पौराणिक सृष्टिप्रक्रिया

**प्रो. ( डॉ.) सरोज कौशल**
संस्कृत विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

सृष्टि-प्रक्रिया का वर्णन करते हुए पुराणकारों ने बताया है, कि सृष्टि से पूर्व एकमात्र ब्रह्म तत्त्व ही था। यह ब्रह्म रूप, रस तथा वर्ण से रहित एवं नित्य तत्त्व था जिसे विष्णु, वासुदेव आदि नामों से कहा गया है। वही व्यक्त, अव्यक्त, पुरुष और काल इन चार रूपों में स्थित है। विष्णु के उपाधिरहित स्वरूप से पुरुष तथा प्रधान ये दो रूप उत्पन्न हुए। प्रधान व पुरुष ये दोनों तत्त्व सृष्टि के आरम्भ होने पर उस परम तत्त्व से प्रादुर्भूत होकर पृथक् हो जाते हैं और प्रलयकाल में पुनः उसी में लीन हो जाते हैं। ये दोनों रूप जिसके द्वारा अलग किये जाते हैं और धारण किये जाते हैं, परम पुरुष का वह रूप कालसंज्ञक है। काल रूप भगवान् अनादि व अनन्त हैं इसीलिये सृष्टि, स्थिति व प्रलय का क्रम भी सदैव चलता रहता है। प्रलयावस्था में गुणसाम्य होने पर पुरुष प्रकृति से पृथक् रहने लगता है, तदनन्तर सृष्टिकाल आने पर परब्रह्म परमात्मा अपनी इच्छानुसार परिणामिनी प्रकृति और अपरिणामी पुरुष में प्रविष्ट होकर क्षोभ उत्पन्न करता है -

**ततस्तु तत्परं ब्रह्म परमात्मा जगन्मयः।**
**सर्वगः सर्वभूतेशः सर्वात्मा परमेश्वरः।।**

**प्रधानपुरुषौ चापि प्रविश्यात्मेच्छया हरिः।**
**क्षोभयामास सम्प्राप्ते सर्गकाले व्ययाव्ययम्।।**

परमात्मा इस क्षोभ में सांनिध्यमात्र से कारण है। इस क्षोभ के लिये उसमें क्रियाशीलता या कर्तृत्वरूपी परिणाम नहीं होता। जैसे गन्ध के समीप रहने पर मन में स्वतः क्षोभ उत्पन्न हो जाता है, किन्तु अचेतन गंध मन के क्षोभ का प्रेरक नहीं होता । वस्तुतः परमेश्वर ही संकोच व विकास के द्वारा क्षोभक तथा क्षोभ्य है और वही प्रधान रूप में भी संस्थित होता है। आकाशादि पंच महाभूत, ब्रह्मा आदि समस्त जीव तथा व्यक्त सृष्टि के बीच परमेश्वर ही स्थित है।

सृष्टिकाल आने पर गुणसाम्यरूपा प्रकृति तथा पुरुष के क्षोभ से महत् तत्त्व का विकास होता है। प्रकृति त्रिगुणात्मक है, इसलिये उससे विकसित होने वाला महत् तत्त्व भी त्रिगुणात्मक होता है। महत् तत्त्व से अहंकार की उत्पत्ति होती है और यह भी अपने कारणगुणानुसार त्रिगुणात्मक होता है। यह अहंकार ही पंचतन्मात्राओं तथा एकादश इन्द्रियों का कारण माना

गया है। यह अहंकार महत् तत्त्व से आवृत्त होता है। आकाशादि पंचभूत परस्पर संयुक्त होकर ही सृष्टि करते हैं। ये सभी तत्त्व पुरुष से अधिष्ठित होकर प्रकृति के अनुग्रह से महत् से लेकर विषय पर्यन्त तत्त्वों द्वारा एक ब्रह्माण्ड रूप अण्ड को उत्पन्न करते हैं।

पुराणों में प्रधानरूप से सृष्टि का प्रतिपादन सांख्यमतानुसार किया गया है, किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि पौराणिक सृष्टिप्रक्रिया सांख्य में वर्णित सृष्टि-प्रक्रिया का अक्षरशः अनुवाद है। आधुनिक प्रचलित निरीश्वर सांख्यसिद्धान्त से इसमें मौलिक भेद है और वह यह है, कि पौराणिक सृष्टि में प्रकृति के क्षोभक परमात्मा की सत्ता मानी गयी है। आधुनिक प्रचलित सांख्यदर्शन तथा ईश्वरकृष्णरचित सांख्यकारिका में प्रतिपादित सांख्यदर्शन ईश्वर की सत्ता स्वीकार नहीं करता और स्वतन्त्र प्रकृति को ही सृष्टि में कारण मानता है। अचेतन प्रकृति प्रेरक के बिना सृष्टि कैसे कर सकती है? इस प्रश्न का समाधान निरीश्वर सांख्यदर्शन ने यह किया है, कि जिस प्रकार वत्स के पोषण के लिये अचेतन दूध में बिना किसी प्रेरणा के प्रवृत्ति हो जाती है, उसी प्रकार अचेतन प्रकृति भी बिना किसी परमात्मा आदि प्रेरक तत्त्व की प्रेरणा के पुरुष के मोक्ष और अपवर्गरूप प्रयोजनवश सृष्टि करने में प्रवृत्ति होती है -

**वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य ।**
**पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य ।।**

पुराणों में प्रतिपादित सृष्टि में प्रकृति के क्षोभ का कारण स्पष्ट रूप से परमात्मा को बताया गया है।

एक अन्तर और है, वह यह कि पुराणों के अनुसार राजस अहंकार से इन्द्रियों की तथा सात्विक अहंकार से इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवताओं की उत्पत्ति बतायी गयी है, जबकि सांख्य में सात्विक अहंकार से ही ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों की उत्पत्ति बतायी गयी है -

**सात्त्विक एकादशकः प्रवर्त्तते वैकृतादहंकाराद्**

यहां हमें पुराणप्रतिपादित सिद्धान्त ही समीचीन प्रतीत होता है, क्योंकि इन्द्रियाँ कारण हैं और कारण क्रिया का साधन मात्र होता है। कारणों में जो प्रकाश तत्त्व है, वह उनके अधिष्ठाता देवताओं से ही प्राप्त होता है, इसलिये ऐतरेय उपनिषद् में यह स्पष्ट बताया गया है, कि अग्नि आदि देवता इन्द्रियों के छिद्रों में प्रविष्ट हुए और उन्हीं देवताओं से उन्हें तत्-तत् विषयों का ग्राहित्व रूप प्राप्त हुआ, अतः इन्द्रियों का तथा उनके अधिष्ठाता देवताओं का भेद मानना आवश्यक है और यह तभी हो सकता है, जब सात्विक अहंकार से इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवताओं की तथा राजस अहंकार से इन्द्रियों की उत्पत्ति मानी जाए।

ऊपर बताया जा चुका है, कि पारस्परिक संयोग के बिना तत्त्व सृष्टिकार्य करने में असमर्थ होते हैं, अतः ये तत्त्व एक दूसरे का आश्रय ग्रहण कर, पुरुष को अधिष्ठाता मान कर तथा सूक्ष्म प्रकृति की सहायता से एक अण्ड का निर्माण करते हैं। यह अण्ड एक बुद्बुद के समान जल के मध्य में स्थित रहता है। कहा जाता है, कि चाहे सृष्टिकर्त्ता हिरण्यमय अण्ड हो या ब्रह्माण्ड रूपी अण्ड हो अथवा माता के उदर में जरायु से घिरा हुआ बालरूपी अण्ड हो सभी के जन्म व वृद्धि की प्रक्रिया लगभग समान ही होती है। अण्ड के लिये कहा गया है, कि वह जल में रह कर ही वृद्धि को प्राप्त होता है, यथा -

**एकसंघातचिह्नाश्च सम्प्राप्यैक्यमशेषतः।**
**पुरुषाधिष्ठितत्वाच्च अव्यक्तानुग्रहेण च।।**
**महदाद्या विशेषान्ता ह्यण्डमुत्पादयन्ति ते ।**
**जलबुद्बुदवत्क्षेत्रे क्रमात् ते वृद्धिमाप्नुवन्**
**भूतेभ्योण्डं महावृद्धं बृहत्तदु वै त्वक्षयम्।**
**प्रवृत्तेऽण्डे विवृद्धः सन् क्षेत्रज्ञो ब्रह्मसंज्ञितः।।**

अण्ड सृष्टि में पुरुष व प्रकृति सम्मिलित रूप से निवास करते हैं। यही जीवन का मूल स्रोत है ओर इसी देवतत्त्व या प्राणतत्त्व के निवास से जीवन की सम्भूति एक तथ्य है। अव्यक्त प्रकृति पहले तो साम्यावस्था में रहती है, पर त्रिगुणमयी होने से कालान्तर में गुणों की विषमता को प्राप्त करती है। यही वैषम्य मनस्तत्त्व व पंचभूतों में विकसित होकर अण्ड-निर्माण का कारण बनता है। अण्ड शरीर है इसलिये उसमें रहने वाले पुरुष को शरीरी कहते हैं और मूल वैदिक सिद्धान्त भी यही है, कि ब्रह्म या चैतन्य पुरुष ही अण्ड में प्रविष्ट होकर भूतों का आदिकर्त्ता बनता है। इस तथ्य पर ही पौराणिक दर्शन की सृष्टि-प्रक्रिया आधारित है।

यह विश्व अण्ड सप्त आवरणों से ढका रहता है । वे आवरण जल, अग्नि, वायु, आकाश, अहंकार, महतत्त्व तथा मूल प्रकृति हैं। ये क्रमशः उत्तरोत्तर दस गुणा परिमण से एक दूसरे को आवृत्त किये रहते हैं, जैसा कि नीचे स्पष्ट किया जा रहा है -

**सर्ग रचना -**

पुराणों में सृष्टि को तीन प्राकृत सर्ग, पांच वैकृत सर्ग तथा एक प्राकृतवैकृत सर्ग इस प्रकार नौ भेदों में वर्गीकृत किया गया है। जैसा कि निम्न पुराणवचन से स्पष्ट है -

**पंचैते वैकृताः सर्गाः प्राकृतास्तु त्रयः स्मृताः।**
**प्राकृतो वैकृतश्चैव कौमारो नवमः स्मृतः।।**

**प्राकृत सर्ग -**

**प्राकृताश्च त्रयः पूर्वे सर्गास्तेऽबुद्धिपूर्वका।**

प्राकृत सर्ग तीन प्रकार के होते हैं और इनकी रचना अबुद्धिपूर्वक होती है।

**1. ब्रह्म सर्ग -**

प्रकृति से पहली सृष्टि महत् की है प्रकृति व पुरुष के संयोग से ही इसकी उत्पत्ति होती है और सत्वादि गुणों की विषमता से ही यह प्रकट होता है। महत् और ब्रह्म पर्यायवाची शब्द हैं, जैसा कि तत्त्वसमाससूत्र की व्याख्या में कहा है। गीता में भी महान् को ब्रह्म कहा गया है। जैसे -

**मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन्गर्भं दधाम्यहम्।**
**संभवः सर्वभूतानां ततो भवति भारत।।**

इसीलिए महत्सर्ग को ब्रह्मसर्ग कहा जाता है।

**2. भूत सर्ग -**

दूसरा प्राकृत सर्ग भूतसर्ग है। भूत शब्द से शब्द, स्पर्श, रूप, रस व गन्ध इन पंच तन्मात्राओं का ग्रहण है। पंच तन्मात्राओं की उत्पत्ति इस सर्ग में मानी गयी है। सांख्य में इसे अविशेष पद से व्यपदिष्ट किया गया है -

**तन्मात्राण्यविशेषास्तेभ्यो भूतानि पंच पंचभ्यः।**

**3. वैकारिक सर्ग -**

तीसरा प्राकृत सर्ग वैकारिक सर्ग है। इन्द्रियसर्ग को वैकारिक सर्ग कहते हैं। अहंकार के तामस रूप से पंच तन्मात्राओं तथा सात्विक रूप से इन्द्रियों की सृष्टि होती है। इन्द्रियाँ संख्या में ग्यारह हैं - पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ तथा एक मन। चक्षुः श्रोत्र घ्राण रसना वाक् ये पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं तथा वाक्, पाणि, पाद पायु, उपस्थ ये पांच कर्मेन्द्रियां हैं। चक्षुरादि पंच ज्ञानेन्द्रियाँ रूपादिज्ञान का साधन होने से ज्ञानेन्द्रियां कहलाती हैं तथा वागादि पांच इन्द्रियां वचनादि क्रिया साधन होने से कर्मेन्द्रियां कहलाती हैं। इन 11 इन्द्रियों का सर्ग ही वैकारिक सर्ग रूप तृतीय प्राकृत सर्ग है।

**वैकृत सर्ग -**

**बुद्धिपूर्वं प्रवर्तन्ते मुख्याद्याः पंचवैकृताः।**

वैकृत सर्गों की रचना बुद्धिपूर्वक होती है और ये संख्या में पांच हैं।

**1. मुख्य सर्ग -**

ब्रह्माजी ने जब पुनः सृष्टि करने का चिन्तन किया तो तमोमयी सृष्टि हुई। यह सृष्टि प्रधान के समकाल ही हुई। अर्थात् तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अन्धतामिस्र ये पांच प्रकार की अविद्याएं उस महात्मा (ब्रह्म) से प्रादुर्भूत हुई जैसा कि पुराण में कहा है -

**तमो मोहो महामोहस्तामिस्रो ह्यन्धसंज्ञितः।**
**अविद्या पंचपर्वैषा प्रादुर्भूता महात्मनः।।**

सांख्यकारिका में अविद्या को तम, मोह आदि भेद से पंचपर्वा बतलाया गया है। यही तमोमयी जड़ सृष्टि मुख्यसर्ग के नाम से कही जाती है - 'मुख्या वै स्थावराः स्मृताः।' इसमें वृक्ष, लता, तृण आदि ग्राह्य हैं। इनका संचार नीचे से ऊपर की ओर होता है, साथ ही इनमें ज्ञानशक्ति प्रकट नहीं होती। ये स्पर्श मात्र का अनुभव करते हैं।

**2. तिर्यक् सर्ग -**

चर सृष्टि का यह प्रथम सर्ग है। ये जीव तिरछी गति का अवलम्बन करते हैं। पशु पक्षी इसी सर्ग में ग्राह्य हैं। ये तमोमय, अज्ञानी तथा अनुचित मार्ग पर चलने वाले होते हैं। अभिमानी तथा एक दूसरे की प्रवृत्ति को जानने में असमर्थ होते हैं। ये केवल खाना, पीना, सोना व मैथुन करना ही जानते हैं। श्रीमद्भागवत में इस सर्ग के 28 प्रकार बताये गये हैं।

**3. देवसर्ग -**

उपर्युक्त सर्ग की रचना करने के बाद भी ब्रह्मा के मन में शान्ति नहीं हुई, तब उन्होंने ऊर्ध्व लोक अर्थात् ऊपर के लोकों में निवास करने वाले प्राणियों की सृष्टि की। ये सत्त्वगुण की प्रधानता रखने वाले तथा बाहरी व भीतरी प्रकाश से प्रकाशित होते हैं। मार्कण्डेयपुराण में इस सर्ग का वर्णन करते हुए बताया गया है -

**ऊर्ध्वस्रोतस्तृतीयस्तु सात्त्विकोद्‌र्ध्वमवर्तत।**
**ते सुखप्रीतिबहुला बहिरन्तस्त्वनावृताः।।**

**प्रकाशा बहिरन्तश्च ऊर्ध्वस्रोतःसमुद्भवाः।**
**तुष्टात्मनस्तृतीयस्तु देवसर्गादि स स्मृतः।।**

भागवत में देवसृष्टि आठ प्रकार की बतायी गयी है।

**4. मानुष सर्ग -**

देवसृष्टि करने के बाद ब्रह्माजी अत्यन्त प्रसन्न हुए, पर फिर भी उन्होंने कार्य करने योग्य रचना का ध्यान किया और माया अर्थात् अव्यक्त से अर्वाक् स्रोत अर्थात् मनुष्यों की सृष्टि की। ये पृथिवी पर घूमने वाले जीव हुए। इनमें पुरुष-भेद से सत्त्व, रज व तम तीनों गुणों का आधिक्य होता है। सत्त्वगुण का आधिक्य होने से वे प्रकाशबहुल होने पर भी रजोगुण का मिश्रण होने से दुःख बहुल कहलाये।

**ते च प्रकाशबहुलास्तमःसत्त्वरजोविलाः ।**
**तस्मात्ते दुःखबहुला भूयो भूयश्च कारिणः।।**

**5. अनुग्रह सर्ग -**

अनुग्रहसर्ग विपर्यय, सिद्धि, तुष्टि, शक्ति भेद से चार प्रकार का है। वायुपुराण में बताया गया है कि स्थावरों में विपर्यय, तिर्यग्योनि में अशक्ति, मनुष्यों में सिद्धि तथा देवों में तुष्टि होती है -

**स्थावरेषु विपर्यासस्तिर्यग्योनिष्वशक्तिता।**
**सिद्धिस्थाना मनुष्यास्तु तुष्टिर्देवेषु कृत्स्नशः।।**

सांख्यकारिका में अनुग्रह सर्ग को प्रत्यय सर्ग के नाम से वर्णित किया गया है और उसे चार प्रकार का प्रतिपादित किया गया है -

**एष प्रत्ययसर्गो विपर्ययाशक्तितुष्टिसिद्ध्याख्यः।**
**गुणवैषम्यविमर्दात् तस्य भेदास्तु पंचाशत्।।**

**कौमार सर्ग -**

यह प्राकृत - वैकृत अर्थात् उभयात्मक है। कौमार सर्ग का तात्पर्य यहां सनत्कुमार संहिता से लिया गया है जैसा कि भागवत में भी कहा गया है -

**स एव प्रथमं देवः कौमारं सर्गमास्थितः।**
**चचार दुश्चरं ब्रह्मा ब्रह्मचर्यमखण्डितम्।।**

इस सर्ग के विषय में टीकाकारों के विविध मत प्राप्त होते हैं। विश्वनाथ चक्रवर्ती का कहना है, कि ध्यानपूत मन से अन्य व्यक्तियों की सृष्टि हुई तथा कुमारों की सृष्टि भगवज्जन्य है। सुबोधिनी में वल्लभाचार्य ने सनत्कुमार के देवत्व व मनुष्यत्व इस द्विविधत्व का हेतु खोज निकाला है। इस प्रसंग का भागवत टीकाकार शुकदेवाचार्य ने खण्डन किया है, उनका कहना है, कि सनत्कुमार कभी मनुष्यों की कोटि में नहीं आये। इनका एक बार जन्म तो ब्रह्मा से हुआ तथा प्रत्यहं प्रादुर्भूत होने से ये चिरस्थायियों में अन्यतम हैं, इसी कारण ये प्राकृत व वैकृत उभयरूपात्मक है।

लगभग सभी महापुराणों में नव सर्गों की संख्या मान्य है, किन्तु श्रीमद्भागवत में यह संख्या दस बतायी गयी है। वहाँ सर्गों की रचना इस प्रकार है - 1. महत् सर्ग, 2. अहंकार सर्ग, 3. भूत सर्ग, 4. इन्द्रियसर्ग 5. इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवताओं का सर्ग, 6. अविद्या सर्ग, 7. प्रधान सर्ग या मुख्य सर्ग, 8. तिर्यग्योनि सर्ग, 9. मनुष्यसर्ग, 10. कौमार सर्ग।

इस प्रकार उपर्युक्त सर्गों की रचना कर ब्रह्मा ने नाना प्रकार के प्राणियों की सृष्टि की, जिनमें असुर, सुर, पितर व मनुष्य मुख्य हैं।

पुराणों के अनुसार आनन्तरीय जीवसृष्टि कर्मानुसार होती है। प्राणी अपने पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों से अच्छी प्रवृत्ति या योनि पाते हैं और बुरे कर्मों से बुरी प्रवृत्ति व बुरी आकृति या योनि पाते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है -

**तेषां ये यानि कर्माणि प्राक्सृष्ट्यां प्रतिपेदिरे।**
**तान्येव ते प्रपद्यन्ते सृज्यमानाः पुनः पुनः।।**

**हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते।**
**तद्भाविताः प्रपद्यन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते।।**

जब प्रलय काल में सब प्रकार की प्रजा नष्ट हो गयी, तो ब्रह्माजी ने पुनः सृष्टि करने की इच्छा की और तब उन्होंने अपने अंश को जल में डाला। जब ब्रह्माजी में तमोगुण का आधिक्य हुआ, तब सबसे पहले उनकी जंघाओं से असुरों की उत्पत्ति हुई। इन असुरों को जन्म देने के बाद ब्रह्मा ने अपने तमोमय शरीर का त्याग कर दिया, जिससे रात्रि की उत्पत्ति हुई। इसके बाद ब्रह्मा ने सत्त्वगुणी शरीर धारण किया और उनके मूल से सुरों की उत्पत्ति हुई, फिर उस शरीर को भी त्याग दिया, इस त्यागे हुए शरीर से दिन उत्पन्न हुआ, फिर अन्य सत्वमय शरीर धारण कर पितरों को अपने पार्श्व से रचा और वह छोड़ा गया

शरीर दिवस-रात्रि के बीच स्थित संध्या काल हुआ। इसके बाद रजोगुण युक्त देह धारण करके रजोगुण का आधिक्य रखने वाले मनुष्यों को रचा और उस त्यागे हुए शरीर से ज्योत्स्ना काल हुआ। ये सभी अपने-अपने काल में अधिक बलशाली होते हैं - जैसे असुर रात्रि में और देवता दिन में।

उपर्युक्त पौराणिक आख्यान का तात्पर्य यह है, कि प्रकाश-प्राणमय देवों की सृष्टि प्रकाशरूप सूर्य व दिन से तथा तमः प्राणमय असुरों की उत्पत्ति तमोमय अन्धकार एवं रात्रि से हुई।

**सन्दर्भ -**

१ विष्णुपुराण, 1/2/14

२ विष्णुपुराण, 1/2/28-29

३ एते सप्तमहात्मानो ह्यन्योन्यस्य समाश्रयात्।
नाशक्नुवन् प्रजाः स्रष्टुमसमागम्य कृत्स्नशः।
पुरुषाधिष्ठितत्त्वाच्च अव्यक्तानुग्रहेण च।
महदादयो विशेषान्ता ह्यण्डमुत्पादयन्ति ते।। - कूर्मपुराण 4/34-35

४ सांख्यकारिका, 57

५ विष्णुपुराण, 1/2/29

६ भूततन्मात्रसर्गोऽयमहंकारात्तु तामसात्।।
तैजसानीन्द्रियाण्याहुर्देवा वैकारिका दश।। - विष्णुपुराण, 1/2/46

७ सांख्यकारिका-25

८ विष्णुपुराण 1/5/24

९ मनो मतिर्महान् ब्रह्मा पूर्ववद्वृत्तिः स्थितिः प्रज्ञा सन्ततिः स्मृतिरिति तस्याः पर्यायाः। - तत्त्वसमास, पृ.सं. 268

१० श्रीमद्भागवद्गीता, 14/3

११ सांख्यकारिका, 38

१२ वायुपुराण, 6/35

१३ भेदस्तमसोऽष्टविधो मोहस्य च दशविधो महामोहः।
तामिस्रोऽष्टादशधा तथा भवत्यन्धतामिस्रः।। - सांख्यकारिका, 48

१४ तिरश्चामष्टमः सर्ग सोऽष्टाविंशद्विधो मतः।

अविदो भूरितमसो घ्राणज्ञा हुतवेदिनः।।
गौरजो महिषः कृष्णः सूकरो गवयो कृषाः।
द्विशफाः पशवश्चेमे अविकृष्टाश्च सत्तम।।
खरोऽश्वोऽश्वतरो गौरः शरभश्चमरी तथा।
एते चैकशफाः क्षात्रः शृणु पंचनखान् पशून् ।।
श्वा शृगालो वृको व्याघ्रो मार्जारः शशशल्लकौ।
सिंहः कपिर्गजः कूर्मो गोधा चमरुरादयः।।
कंकगृध्र वटश्येनभासभल्लूकबर्हिणः
हंससारसचक्राह्वकाकोलूकादयः खगाः।। - भागवतपुराण, 3/10/20-28

१५ मार्कण्डेय पुराण 39/22-23

१६ देवसर्गश्चाष्टविधो विबुधाः पितरोऽसुराः।
गन्धर्वाप्सरसः सिद्धा यक्षरक्षांसि चोरगाः।।
भूतप्रेतपिशाचाश्च विषाघ्ना किन्नरादयः। - भागवतपुराण 3/10/27-28

१७ वायुपुराण, 6/50

१८ वही, 6/63

१९ सांख्यकारिका, 46

२० श्रीमद्भागवत, 1/3/6

२१ तेषां भगवद्ध्यानपूतेन मनसाऽन्यांस्ततोऽसृजदिति अग्निनोक्तेर्भगवद्ध्यानजन्यत्वेन भगवज्जन्यत्वाच्च प्राकृतो वैकृतश्चेति। - विश्वनाथ चक्रवर्ती की व्याख्या (भाग-3/10/26)

२२ इन टीकाकारों के मतों के लिये द्रष्टव्य दशटीका समन्वित भागवत (वृन्दावन से प्रकाशित), तृतीय स्कन्ध, पृ.सं. 242

२३ श्रीमद्भागवत, 3/10

२४ विष्णुपुराण, 1/5/61-62

२५ मार्कण्डेयपुराण, 40/2-16

२६ रामचरितमानस, सुन्दरकाण्ड, पृ. 794

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**ऐक्यं द्वयोर्न यावत् स्याद्, विद्वेषश्च मिथो भवेत् ।**
**तावत् सदा तृतीयस्य, सिध्येदिष्टमसंशयम् ॥१०४॥**

जब तक दो के बीच एकता न हो और आपस में द्वेष बना रहे, तब तक तीसरे व्यक्ति का इष्ट सिद्ध होगा ही । इसमें कोई सन्देह नहीं ।

There is no doubt that until there is unity and no dispute between the two people the third person will prosper (have his work done).

**ओषधेर्गुण–गानेन, व्याधिर्नश्यते न क्वचित् ।**
**सेवितैवोषधिः शक्तो, व्याधि–निर्मूलने सदा ॥१०५॥**

बीमारी सिर्फ दवा का गुणगान करने से ही कभी समाप्त नहीं होती । ली हुई ही दवा बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकने में समर्थ है ।

The disease will never disappear by glorifying the medicine. Only by taking medicine disease is uprooted.

**कथनी करणी यस्य, नैकरूपा कदाचन ।**
**असौ किं कथनीयः स्याद् ? इदं विज्ञायते नहि ॥१०६॥**

जिसकी कथनी और करणी एक रूप वाली न हो, उसको क्या कहा जाय? यह समझ में नहीं आता ।

What can be said for the one whose words and work are not the same? I don't understand this.

**कदापि तादृशं कर्म, कर्तव्यं न प्रशासकैः ।**

**यस्यानुकरणं कृत्वा, जनता स्यात् कुमार्गगा ॥१०७॥**

कभी भी वैसा काम प्रशासकों को नहीं करना चाहिये, जिसका अनुकरण करके जनता कुमार्ग–गामिनी बन जाय ।

The administration should never do such kind of work which, by following which the people will go on the wrong path.

**कर – चौर्यं महापापं, देशं तत् क्षिणोति हि ।**

**गृहीत्वाऽपि करान् पूर्णान्, रक्षणीया प्रजा सदा ॥१०८॥**

करों की चोरी करना महान् पाप है, क्योंकि वह करों की चोरी देश को क्षीण बनाती है । पूरे कर ग्रहण करके शासकों को भी प्रजा की सदा रक्षा करनी चाहिये ।

Stealing of the taxes is the great sin as it makes a nation weak. By getting the full tax citizens should be always protected.

**कर्गदेन च लेखन्या, सार्धं यदि परिस्थितिः ।**

**अनुकूला मिलेत् तर्हि, किं लेखो न प्रभावकृत् ? ॥१०९॥**

कागज और कलम के साथ यदि परिस्थिति अनुकूल मिल जाये तो क्या प्रभावकारी लेख तैयार नहीं हो जाय ?

Isn't it possible to write an influential/impressive/powerful story if the pen and paper meet the right circumstance?

**कर्तव्यो न व्ययो व्यर्थः, सञ्चेतव्यं धनं ननु ।**

**सङ्कटे धनमेवैकं, त्राणकर्तृ च सौख्यदम् ॥११०॥**

व्यर्थ खर्च नहीं करना चाहिये । धन निश्चित ही सञ्चित करना चाहिये । संकट में एक धन ही रक्षा करने वाला और सुखदाता होता है ।

Wasteful expenditure should be avoided. Money/wealth surely should be accumulated. In the time of need, only money/wealth can protect and give relief.

**कर्मचारी न चेत् तुष्टः, स्वामिनो व्यवहारतः ।**

**स्वामिनोऽभीप्सितं तर्हि, न सिध्यति, न सिध्यति ॥१११॥**

यदि स्वामी के व्यवहार से कर्मचारी सन्तुष्ट नहीं रहता, तो स्वामी का भी अभीप्सित सिद्ध नहीं होता, सिद्ध नहीं होता ।

No any work of a master will be successful if the servants are not satisfied with his behaviour.

ISSN : 2582-6360



# Grand Opening
# Om Ashram

Om Vishwa Deep Gurukul Swami Maheshwarananda Ashram
Education & Research Centre

2023




प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर
**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org